सत्यमेव जयते

## राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

**राजभवन देहरादून 19 नवम्बर, 2022**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन की कर्मचारी आवासीय कॉलोनी का निरीक्षण किया। उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कॉलोनी को साफ एवं स्वच्छ रखा जाय। राज्यपाल ने पूरी कॉलोनी का भ्रमण करते हुए निवासरत लोगों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कॉलोनी को साफ रखना कॉलोनीवासियों की भी जिम्मेदारी है, स्वयं भी साफ–सफाई का ध्यान रखें।

राज्यपाल ने अधिकारियों से कहा की कॉलोनी के समीप नाले व खाली जगह की सफाई कर वहां लैंडस्केपिंग के लिए संभावना तलाशें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कॉलोनी में रह रहे लोगों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाय। इसके बाद उन्होंने राजभवन के अतिथि गृह और आई.आर.बी बटालियन के बैरक का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

...........0............